e-mail

पत्र संख्या–सं0का0–1/वि0मं0(सत्र)–01–01/2025–................../

**बिहार सरकार**

**संसदीय कार्य विभाग**

**प्रेषक,**

**अनुपम कुमार,**
सचिव।

**सेवा में,**

**सभी जिला पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक–................ 2025

***विषय : जिला से संबंधित बिहार विधान मंडल के प्रश्नादि का उत्तर समय पर भेजने एवं विधान मंडल सत्र के दौरान जिला स्तरीय बैठक, जिनमें विधान मंडल के माननीय सदस्य/सदस्यों को भाग लेना हैं, आयोजित नहीं करने के संबंध में।***

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि सप्तदश बिहार विधान सभा का चतुर्दश सत्र तथा बिहार विधान परिषद् का 209वां सत्र (बजट सत्र) दिनांक 28 फरवरी, 2025 से 28 मार्च, 2025 तक आहूत है।

अतः अनुरोध है कि अपने जिले से संबंधित बिहार विधान सभा/बिहार विधान परिषद् के प्रश्नों आदि का उत्तर निश्चित रूप से अपने प्रशासी विभाग को शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय तथा बिहार विधान मंडल के सत्र के दौरान जिला स्तरीय ऐसी कोई बैठक आहूत नहीं की जाय जिसमें विधान मंडल के माननीय सदस्य को भाग लेना हो। विशेष परिस्थिति में संबंधित माननीय सदस्य से विमर्श कर ही बैठक आयोजित की जाय।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

**विश्वासभाजन,**

**ह0/–**
**(अनुपम कुमार)**
**सचिव।**

ज्ञापांक–सं0का0–1/वि0मं0(सत्र)–01–01/2025–......../ पटना, दि0–..............., 2025

प्रतिलिपि–प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा पटना/सचिव, बिहार विधान परिषद को सूचनार्थ प्रेषित।

**ह0/–**
**(नवीन)**
**सरकार के अपर सचिव।**

ज्ञापांक–सं0का0–1/वि0मं0(सत्र)–01–01/2025–142/ पटना, दिनांक–17.02.2025

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, संसदीय कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/02/25

**सरकार के अपर सचिव।**